VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNOLOGICAL UNIVERSITY, DEHRADUN

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून

कार्यालय पताः चकराता रोड, पो0ओ0–चंदनवाड़ी, प्रेमनगर, सुद्धोवाला, देहरादून,
उत्तराखण्ड–248007, दूरभाष सं0–0135–2774067, 068, 069, वैबसाइटः www.uktech.ac.in

पत्रांक/Ref. No. 2200 / अस्थाई सम्बद्धता / 2021–22 दिनांक/Date 28-01-2022

सेवा में,

उप सचिव,
मा0 कुलाधिपति / श्री राज्यपाल,
कुलाधिपति सचिवालय, उत्तराखण्ड,
देहरादून।

विषयः 'श्री देवभूमी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, ग्राम–मंझौन, पौंधा, वाया–प्रेमनगर, देहरादून' को शैक्षिक सत्र 2021–22 **B.Pharm, M.Pharm** एवं नवीन **Pharm.D** पाठ्यक्रम में अस्थाई सम्बद्धता / अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय पर निवेदन है कि **श्री देवभूमी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, ग्राम–मंझौन, पौंधा, वाया–प्रेमनगर, देहरादून** संस्थान द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु **B.Pharm,** M.Pharm एवं नवीन Pharm.D पाठ्यक्रमों में अस्थाई सम्बद्धता / सम्बद्धता विस्तारण के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन किया गया है।

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा **'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग'** (विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेजों को सम्बद्धता) विनियम–2009, विश्वविद्यालय अधिनियम–1956 की धारा–26 की उपधारा (1) के खण्ड (च) और (छ) के प्रस्तर सं0–4.6 में संस्थानों के सम्बद्धता / सम्बद्धता विस्तारण हेतु निरीक्षण कराये जाने के लिए दी गयी व्यवस्थानुसार के अनुसार निरीक्षण समिति का गठन कर संस्थान में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन करने हेतु संस्थान का निरीक्षण कराया गया है। निरीक्षण समिति द्वारा संस्थान का निरीक्षण कर उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–649 / XXIV(3) / 2016– 01(30) / 2015, दिनांक 14 दिसम्बर, 2016 के निर्धारित प्रारूप के संलग्नक–01 से 04 के मानक के अनुपालन के क्रम में अपनी निरीक्षण आख्या विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी गयी है, जो मूल रूप में संलग्न है। विश्वविद्यालय को प्राप्त निरीक्षण आख्या में निरीक्षण समिति द्वारा उक्त संस्थान को शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु निम्नवत पाठ्यक्रमों में उनके सम्मुख अंकित सीटों के लिए सम्बद्धता विस्तारण की संस्तुति की गयी हैः–

Program	Shift	Level	Course	FT/PT	Intake Approved for 2021-22 (as per PCI approval)
Pharmacy	First	UG	B.Pharm	Full	100
Pharmacy	First	PG	M.Pharm (Pharmaceutics	Full	15
			M.Pharm (Pharmaceutical Quality Assurance)	Full	15
Pharmacy	First	------	Pharm.D	Full	30

निरीक्षण समिति द्वारा उक्त संस्थान में नियुक्त फैकल्टी का भी अनुमोदन किया गया है, जिसका अनुमोदन प्रमाण–पत्र भी संलग्न किया जा रहा है। निरीक्षण समिति के अनुमोदनोपरान्त निरीक्षण समिति की संस्तुति के आधार पर सक्षम स्तर से संस्थान में नियुक्त फैकल्टी का अनुमोदन किया गया है। विश्वविद्यालय की निरीक्षण समिति की निरीक्षण आख्या, एन्टी रैगिंग प्रमाण–पत्र तथा संस्थान से सम्बन्धित वांछित अन्य अभिलेखों की प्रतियां संलग्न कर एतद्द्वारा प्रेषित की जा रही हैं।

क्रमशः 2

उक्त संस्थान के सम्बद्धता का प्रस्ताव राजभवन सचिवालय के आदेश पत्र सं0–5355/जी0एस0/शिक्षा/ए4–135/2016, दिनांक 18 मार्च, 2016 के अनुपालन में मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त राजभवन सचिवालय को अग्रसारित किया जा रहा है

अतः अनुरोध है कि कृपया 'श्री देवभूमी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, ग्राम–मंझौन, पौंधा, वाया–प्रेमनगर, देहरादून' को निरीक्षण समिति की संस्तुति के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु B.Pharm, M.Pharm, Pharm.D पाठ्यक्रम में उपरोक्तानुसार सीटों के लिए अस्थाई सम्बद्धता/अस्थाई सम्बद्धता विस्तारण की स्वीकृति प्रदान करने पर विचार करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(आर0पी0 गुप्ता)
कुलसचिव

Registrar
Veer Madho Singh Bhandari
Uttarakhand Technical University
Dehradun, Uttarakhand